भारत सरकार
कृषि एवं किसान कल्याण मंत्रालय
कृषि एवं किसान कल्याण विभाग

**लोक सभा**

**अतारांकित प्रश्न सं. 339**

04 फरवरी, 2025 को उत्तरार्थ

**विषय: पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन**

339. श्री अरुण कुमार सागर:

क्या कृषि एवं किसान कल्याण मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे किः

(क) क्या सरकार ने पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन शुरू किया है;

(ख) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;

(ग) क्या सरकार द्वारा उत्तर प्रदेश के शाहजहाँपुर संसदीय निर्वाचन क्षेत्र में और उसके आस-पास, जहां से गंगा, बहगुल, खनौत, गर्रा, रामगंगा और देवहा नदियां बहती हैं, बांस की खेती को बढ़ावा देने के लिए पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन के अंतर्गत कोई कदम उठाए गए हैं अथवा उठाने का प्रस्ताव है; और

(घ) यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है?

**उत्तर**

**कृषि एवं किसान कल्याण राज्य मंत्री (श्री रामनाथ ठाकुर)**

(क) एवं (ख): पुनर्गठित राष्ट्रीय बांस मिशन (एनबीएम) को 2018-19 में केंद्र प्रायोजित योजना के रूप में शुरू किया गया है। एनबीएम गैर-वनीय भूमि पर बांस के प्रसार और खेती, बांस उपचार, बाजारों की स्थापना, इनक्यूबेशन केंद्रों, मूल्य वर्धित उत्पाद विकास और प्रसंस्करण तथा औजारों और उपकरणों के विकास के लिए सरकारी और निजी दोनों क्षेत्रों को सहायता प्रदान करता है। वित्त पोषण पद्धति पूर्वोत्तर और पहाड़ी राज्यों, जहां यह 90:10 के अनुपात में होगी, को छोड़कर सभी राज्यों के लिए केंद्र और राज्य के बीच 60:40 के अनुपात में होगी तथा केंद्र शासित क्षेत्रों/बांस प्रौद्योगिकी सहायता समूहों (बीटीएसजी) और राष्ट्रीय स्तर की एजेंसियों मामलों मे यह 100% है।

मिशन के प्रमुख उद्देश्य- गुणवत्तापूर्ण रोपण सामग्री की उपलब्धता बढ़ाना, बांस की खेती के क्षेत्र का विस्तार करना, फसलोपरांत प्रबंधन में सुधार, प्राथमिक उपचार और संवर्द्धन, संरक्षण प्रौद्योगिकियां, बाजार इंफ्रास्ट्रक्चर, उत्पाद विकास, कौशल विकास को बढ़ावा

देना तथा बांस और बांस उत्पादों के आयात पर निर्भरता कम करने के प्रयासों को अनुरूप बनाना है।

(ग) एवं (घ): पुनर्गठित एनबीएम को वर्ष 2019-20 से उत्तर प्रदेश में कार्यान्वित किया जा रहा है। एनबीएम के अंतर्गत बरेली बांस क्लस्टर शाहजहाँपुर जिले में संचालित है। एनबीएम के अंतर्गत उत्तर प्रदेश राज्य के शाहजहाँपुर संसदीय क्षेत्र के आसपास के क्षेत्रों में नर्सरी स्थापना, बांस वृक्षारोपण, कौशल विकास, बांस उत्पादों का प्रदर्शन आदि गतिविधियां संचालित की गई हैं। इन क्षेत्रों में की गई गतिविधियों का विवरण निम्नलिखित है।

| जिले का नाम | वृक्षारोपण क्षेत्र (हेक्टेयर में) | स्थापित नर्सरी (संख्या में) | बांस मूल्य श्रृंखला के विकास से संबंधित गतिविधियाँ |
|---|---|---|---|
| शाहजहाँपुर | 31.00 | 01 | |
| बरेली | 18.00 | 01 | 01 कॉमन फैसिलिटी सेंटर (सीएफसी), 01 बांस बाजार, 01 बांस ट्रीटमेंट प्लांट और 01 कार्बोनाइजेशन प्लांट |
| सीतापुर | 24.00 | 01 | |
| पीलीभीत | 17.00 | 00 | |
| लखीमपुर खीरी | 14.00 | 00 | |

*****